QHD

December - Examination 2015

B.A. (Ist Year) Examination

GENERAL HINDI

सामान्य हिंदी

Paper - QHD

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 100**

निर्देश :–

1) प्रश्न पत्र खण्ड अ, ब और स में विभाजित है। खण्ड 'अ' अति लघूत्तरात्मक है, खण्ड 'ब' लघूत्तरात्मक एवं खण्ड 'स' में निबंधात्मक प्रश्न सम्मिलित हैं।

(खण्ड – अ) 10 x 2 = 20

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं। आप अपने उत्तर को एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न दो अंक का है।

1) (i) आत्मकथा किसे कहते हैं?

(ii) उपसर्ग किसे कहते है?

(iii) रामचरितमानस किस भाषा में रचित है?

(iv) बुद्धगुप्त जयशंकर प्रसाद की किस कहानी के प्रमुख पात्र हैं?

(v) सरस्वती पत्रिका के संपादक का नाम लिखिए।

(vi) 'आहट' प्रत्यय से कोई दो शब्द बनाइए।

(vii) निम्न शब्दों को शुद्ध कीजिए।

(a) अनुग्रहित (b) क्रपा

(viii) संक्षेपण और पल्लवन में अंतर लिखिए।

(ix) विलोम लिखिए।

(a) सुख (b) आदि

(x) सूर्य के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(खण्ड – ब) 4 x 10 = 40

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों में से कोई चार प्रश्न कीजिए। शब्द सीमा लगभग 200 शब्द हैं। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का है।

2) भक्तिकाल की ज्ञानमार्गी शाखा में कबीर दास का महत्त्व रेखांकित कीजिए।

3) देवनागरी लिपि के गुण व दोष लिखिए।

4) हिंदी गद्य के विकास कें भारतेंदु युग का योगदान स्पष्ट कीजिए।

5) सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

भज मन चरण – कँवल अनिवासी।
जेताई दीसे धरणी गगन बिच। तेताई सब उठजासी,
इस देही का गरव न करणा। माटी में मिल जासी,
यो संसार पहर की बाजी। साँझ पड्या उड़ जासी,
कहा भयो है भगवा पहरयां। घर त्याग भवे संयासी,
जोगी होई जुगति नहिं जाणी। उलटि जनम फिर आसी,
अरज करूँ अबला कर जोरे। स्याम तुम्हारी दासी,
मीराँ के प्रभु गिरधर नागर।। काटो जम की फांसी,

6) आकाशदीप कहानी के आधार पर चंपा का चरित्र चित्रण कीजिए।

7) तारा प्रकाश जोशी द्‌वारा रचित गीत ''मेरा वतन ऐसा रानी'' का भावार्थ लिखिए।

8) 'सच्ची वीरता' निबंध के प्रतिपाद्‌य को स्पष्ट कीजिए।

9) पल्लवन कीजिए – '' संगठन में शक्ति है''

(खण्ड – स) 2 x 20 = 40

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए। शब्द सीमा अधिकतम 500 शब्द हैं। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है।

10) महाकवि तुलसीदास भक्तिकाल के सर्वश्रेष्ठ कवि क्यों कहे जाते हैं? विवेचन कीजिए।

11) महात्मा गांधी की आत्मकथा के आधारपर उनका चरित्र चित्रण कीजिए।

12) पत्र लेखन की महत्ता को बताते हुए पत्रों के प्रकारों पर प्रकाश डालिए साथ ही एक आदर्शपत्र के गुण भी बताएँ।

13) किसी एक विषय पर सारगर्भित लेख लिखिए।

    i) मेरा प्रिय साहित्यकार

    ii) राष्ट्रभाषा हिंदी

    iii) आंतकवाद

    iv) बेरोजगारी की समस्या